हिन्दी व्याकरण

कक्षा–6

पाठ–14 (संधि और समास)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–

(क) संधि किसे कहते हैं? संधि के कितने भेद होते हैं?

उत्तर–**संधि** – दो निकटवर्ती वर्णों के परस्पर मेल होने से जो विकार होता है वह संधि कहलाता है संधि के तीन भेद होते हैं।

1. स्वर संधि
2. व्यंजन संधि
3. विसर्ग संधि

(ख) समास किसे कहते हैं? ये कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखो।

उत्तर– **समास**– दो या दो से अधिक पदों से मिलकर बने स्वतंत्र एवं सार्थक पद को समास कहते हैं।

समास के प्रकार –

1. अव्ययी भाव समास
2. तत्पुरुष समास
3. द्विगु समास
4. द्वंद्व समास
5. कर्मधारय समास
6. बहुव्रीहि समास

(ग) अव्ययीभाव समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उत्तर– **अव्ययी भाव समास** – जिस समस्त पद (सामासिक पद) का प्रथम पद प्रधान व अव्यय हो, वह अव्ययीभाव समास कहलाता है। जैसे यथाशक्ति–शक्ति के अनुसार

2. निम्नलिखित शब्दों का संधि–विच्छेद करो तथा संधि का नाम लिखो–

संधि	**संधि – विच्छेद**	**संधि का नाम**
(क) देवेन्द्र	देव + इन्द्र	स्वर संधि
(ख) जगदीश	जगत् + ईश	व्यंजन संधि
(ग) दिग्दर्शन	दिक् + दर्शन	व्यंजन संधि
(घ) सज्जन	सत् + जन	व्यंजन संधि
(ङ) मनोहर	मनः + हर	विसर्ग संधि

3. निम्नलिखित शब्दों में समास विग्रह करो–

समस्तपद	**समास विग्रह**
(क) यथाशक्ति	शक्ति के अनुसार
(ख) प्रत्येक	एक–एक
(ग) स्वर्गप्राप्त	स्वर्ग को प्राप्त
(घ) ईश्वरभक्त	ईश्वर का भक्त
(ङ) तुलसीकृत	तुलसी द्वारा कृत

4. निम्नलिखित शब्दों की संधि करो–

संधि–विच्छेद	संधि शब्द
(क) पुस्तक + आलय	पुस्तकालय
(ख) मनः + हर	मनोहर
(ग) निः + चय	निश्चय
(घ) नर + ईश	नरेश
(ङ) देव + इन्द्र	देवेन्द्र

5. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) प्रथम पद अव्यय है–

(अ) अव्ययीभाव समास ✓ (ब) तत्पुरुष समास (स) द्विगु समास

(ख) निः. रोग में संधि होगी–

(अ) स्वर संधि (ब) विसर्ग संधि ✓ (स) व्यंजन संधि

(ग) 'परीक्षार्थी' शब्द का संधि–विच्छेद होगा–

(अ) परीक्षा + अर्थी ✓ (ब) परीक्ष + अर्थी (स) परी + क्षार्थी

(घ) समास के भेद होते हैं–

(अ) पाँच (ब) छः ✓ (स) सात

(ङ) जगत् + ईश में संधि होगी–

(अ) स्वर संधि (ब) विसर्ग संधि (स) व्यंजन संधि ✓